सेन्ट मोन्टफोर्ट सामुदायिक विकास – केन्द्र में ब्युटीशियन परीक्षा सम्पन्न

सेन्ट मोन्टफोर्ट सामुदायिक विकास–केन्द्र, जहाँगीराबाद भोपाल द्वारा दिनांक 12/10/2018 को दोपहर 2 बजे ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का मूल्यांकन सेन्ट मोन्टफोर्ट सीनियर सेकन्डरी स्कूल , भोपाल के चार सदस्यों की समिति द्वारा किया गया, जिसमें शाला उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज ,श्रीमती मीनाक्षी शर्मा , श्रीमती गीता खरे एवं श्री अजय निपुणगे शामिल थे।

ईश्वर प्रार्थना के उपरांत सामुदायिक विकास – केन्द्र की समन्वयक श्रीमती संगीता यादव ने केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र की 15 कुशल शिक्षिकाओं के द्वारा लगभग 150 महिलाओं को कम्प्यूटर , मेंहदी , सिलाई , ब्यूटी पार्लर , प्रौढ़–शिक्षा आदि के लिये प्रशिक्षित किया जाता है। बालवाड़ी बच्चों के लिये संचालित है।

ब्यूटी पार्लर के परीक्षार्थियों का मूल्यांकन उनके **आत्म विश्वास , मेंहदी , केश – सज्जा , मेकअप विधि एवं फाइल कार्य** के आधार पर किया गया। परीक्षा के पश्चात् सभी परीक्षार्थियों को ब्रदर जॉन मिंज द्वारा पुरस्कृत किया गया। ब्रदर जॉन मिंज ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे केन्द्र में सीखे हुए हुनर के द्वारा आत्म–निर्भर बन सकती हैं। उन्होंने केन्द्र की शिक्षिकाओं के प्रयास की भी प्रशन्सा की। अन्त में समन्वयक श्रीमती संगीता यादव ने सभी के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।